# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)
औद्योगिक क्षेत्र,खलीलाबाद, जनपद- संत कबीर नगर ।
E-mail I.D:- cdsantkabirnagar@gmail.com, -:E-mail I.D eeruralskngmail.com@.

पत्रांक 828 / W-05 / 118 दिनांक 07/09/2026

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक महोदय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ ।

**विषयः- दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 02.09.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक दिनांक 02.09.2026 को दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ***"साड़े कला में डेढ़ करोड़ की पानी की टंकी बंद जल जीवन मिशन के तहत बनी, गांव वालों को साफ पानी नहीं मिल रहा"*** के क्रम में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वि0ख0-मेंहदावल में **साड़े कला पेयजल योजना** पर ओवरहेड टैंक, नलकूप, पम्प हाउस, स्टाक कार्टर, बाउण्ड्रीवाल तथा वितरण प्रणाली 5668 मी० एवं गृह संयोजन 554 नग का निर्माण कार्य पूर्ण कर हस्तान्तरण के उपरान्त फर्म मेसर्स-जयन्ती सुपर, संत कबीर नगर द्वारा योजना संचालित की जा रही है। वर्तमान में 140 MM dia मेन पाइप में हुए लीकेज का मरम्मत कराकर आंशिक जलापूर्ति की जा रही है।



सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

**भवदीय**

(महेन्द्र राम)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ०स० एवं दिनांक तदैव-**


**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।**

1. जिलाधिकारी महोदय, संत कबीर नगर ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, संत कबीर नगर ।
3. जिला सूचना अधिकारी, संत कबीर नगर ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती ।
5. संबंधित सहायक अभियन्ता / जू0इं0 ।

**अधिशासी अभियन्ता**

# साड़े कला में डेढ़ करोड़ की पानी टंकी बंद:जल जीवन मिशन के तहत बनी, गांव वालों को साफ पानी नहीं मिल रहा

**प्रवीण कुमार मिश्रा | सांडे कला(मेंहदावल), संतकबीर नगर5 दिन पहले**




साड़े कला में डेढ़ करोड़ की पानी टंकी बंद।

मेहदावल विकासखंड के ग्राम साड़े कला में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी बंद पड़ी है। करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनी इस टंकी के कारण गांव वालों को स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है।

स्थानीय निवासियों दिनेश, प्रभाकर, उमेश, पिंटू, उजागर, रामअचल, रामशब्द, आकाश और दयाराम ने बताया कि टंकी के गेट पर ताला लगा हुआ है। इसके परिसर में गंदगी और घास-फूस जमा हो गए हैं।

गांव वालों ने यह भी बताया कि टंकी बनाते समय पानी सप्लाई के लिए सड़कों को खोदकर पाइपलाइन डाली गई थी। हालांकि, इन पाइपों में आज तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी की टंकी को जल्द से जल्द शुरू किया जाए, ताकि उन्हें साफ पानी मिल सके।